# अग्रवाल में महाविद्यालय ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ

**आज समाज नेटवर्क**

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के वाणिज्य विभाग ने टैली में सर्टिफिकेट कोर्स के लिए एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया जो बीकॉम फाइनल ईयर के छात्रों के लिए सेवा भारती फरीदाबाद के सहयोग से चलाया जाएगा। छात्रों को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित करने और अपने भविष्य के लिए खुद को तैयार करने के लिए प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में यह पहल की गई है। तरुण वार्ष्णेय और केके अग्रवाल सेवा भारती फरीदाबाद की ओर से इस पाठ्यक्रम का समन्वयन करेंगे।

प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने इस बहुमूल्य पाठ्यक्रम के लिए हमारे महाविद्यालय को चुनने के लिए सेवा भारती फरीदाबाद का आभार व्यक्त किया। दिन के मुख्य वक्ता सीए शिव कुमार शर्मा थे। जिन्होंने समझाया कि पाठ्यक्रम क्या है और समग्र रूप से व्यक्तियों, उद्योगों और अर्थव्यवस्था के लिए पाठ्यक्रम का परिणाम क्या होगा। स्पीकर ने पाठ्यक्रम को लेकर छात्रों की शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने वर्तमान के साथ-साथ भविष्य में भी उनके लिए पाठ्यक्रम की आवश्यकता के बारे में बताया। ओरिएंटेशन का समन्वय डॉ शोभना गोयल और दीप्ति गोयल ने किया। इस कार्यक्रम में 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



सर्टिफिकेट कोर्स कार्यक्रम संबोधन करते हुए।